दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्षः- 04
अंकः-159
मुरादाबाद
(Sunday)
29 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है', जम्मू में पीएम बोले-सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा नहीं चाहते हैं। यहां के लोग शांति और समृद्धि चाहते हैं। यहां के लोग अपने बच्चों के लिए उज्वल भविष्य चाहते हैं।जम्मू-कश्मीर के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजय संकल्प रैली के दौरान कहा कि ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। आज शहीद वीर सरदार भगत सिंह की जन्मजयंती भी है। देश के करोड़ों युवाओं की प्रेरणा, भगत सिंह जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू की ये सभा इस विधानसभा



चुनाव की मेरी आखिरी सभा है। मुझे बीते हफ्तों में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का अवसर मिला है। मैं जहां भी गया, वहां भाजपा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह दिख रहा है। यहां के लोग आतंक नहीं, अलगाववाद चाहते हैं- पीएम-पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग आतंकवाद, अलगाववाद और हिंसा नहीं चाहते हैं। यहां के लोग शांति और समृद्धि चाहते हैं। यहां के लोग अपने बच्चों के लिए उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं। और यह सुनिश्चित करने के लिए यहां के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, NC और PDP के तीन खानदानों से त्रस्त हैं। लोग फिर वही निजाम नहीं चाहते, जिसमें भ्रष्टाचार हो, नौकरियों में भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग आतंक, अलगाव और खून-खराबा अब नहीं चाहते हैं। यहां के लोग अमन-शांति चाहते हैं। भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी, वो आपकी पीड़ा को दूर करेगी: मोदी- पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो चरणों में हुए भारी मतदान ने जम्मू-कश्मीर की जनता का मूड बता दिया है। दोनों चरणों में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हुई है। अब यहां भाजपा की पूर्ण बहुमत की पहली सरकार बनना तय है। जम्मू क्षेत्र के लोगों के लिए इतिहास में पहले कभी ऐसा मौका नहीं आया है, जो इस चुनाव में आया है। अब पहली बार जम्मू क्षेत्र के लोगों की इच्छा वाली सरकार बनने जा रही है। आपको इस मौके को छोड़ना नहीं है। क्योंकि भाजपा की जो सरकार यहां बनेगी, वो आपकी पीड़ा को दूर करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि बीते दशकों में यहां सिर्फ कांग्रेस, NC और PDP के नेता और उनके परिवार ही फले-फुले। आपके हिस्से तो सिर्फ और सिर्फ तबाही आई। ये जो हमारी पीढियां बर्बाद हुई हैं, इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की गलत नीतियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तबाही दी। जम्मू का बहुत बड़ा हिस्सा बॉर्डर से सटा है। आप वो दौर याद कीजिये, जब सीमापार से आए दिन गोले बरसते थे, आए दिन मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन। उधर से गोलियां चलती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। लेकिन जब भाजपा की सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया, तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के लिए मर मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती। यही कांग्रेस है जिसने 4 दशक तक हमारे फौजी परिवारों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाया। OP से खजाने पर जोर पड़ेगा लेकिन मोदी ने फौजी परिवारों के हित के आगे कभी भी खजाने को नहीं देखा है और इसलिए 2014 में सरकार बनने के बाद हमने OROP लागू किया। अब तक फौजी परिवारों को एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिल चुका है। हाल ही में हमने OROP को रिवाइव भी किया है जिससे फौजी परिवारों को और अधिक पैसा मिलना तय हुआ है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरूआत वाली होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आठ अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे और हम सब तो माता वैष्णों देवी के साये में पले हैं और 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरूआत वाली होगी। जम्मू हो, सांबा हो, कठुआ हो, चारो तरफ एक ही नारा गूंज रहा है, जम्मू की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार। आज की जो कांग्रेस है वो पूरी तरह से शहरी नक्सलियों के कब्जे में है पीएम मोदी ने कहा कि 卐आज की जो कांग्रेस है वो पूरी तरह से शहरी नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं तो न जाने क्या कारण है कि कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोट बैंक दिखता है। लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर वे उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं।जम्मू-कश्मीर के लोगों को बहुत कष्ट सहना पड़ा है पीएम मोदी ने कहा कि दशकों से कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पार्टियों ने अपने नेताओं और परिवारों के हितों को प्राथमिकता दी है, जबकि जम्मू-कश्मीर के लोगों को बहुत कष्ट सहना पड़ा है। कांग्रेस पार्टी अपनी दोषपूर्ण नीतियों, उदासीनता और उपेक्षा के माध्यम से हमारी पीढ़ियों के पतन और शोषण के लिए महत्वपूर्ण रूप से जिम्मेदार है। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए भाजपा की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, हम अपने लोगों के साथ हुए अन्याय को दूर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। %ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है%- पीएम मोदी ने कहा कि आज 28 सितंबर है, साल 2016 में आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी... भारत ने दुनिया को बता दिया था कि ये नया भारत है... ये घर में घुस कर मारता है। आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की... तो मोदी पाताल में भी उन्हें खोज निकालेगा। कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने हमारी फौज से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस वो पार्टी है, जो आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है। क्या आप ऐसी कांग्रेस कपो माफ़ कर सकते हैं? देश के लिए मर-मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, ये संविधान के दुश्मन- पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी, ये संविधान के दुश्मन हैं। इन्होंने संविधान की स्पिरिट का गला घोंटा है। यहीं जम्मू में कई-कई पीढ़ियों से यहां रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। उन्हें कांग्रेस, NC और PDP ने इस हक से वंचित किया था। आज जम्मू-कश्मीर में आ रहे बदलाव से कांग्रेस-NC और PDP वाले भड़के हुए हैं। इन्हें आपका विकास पसंद नहीं है। ये लोग कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनी, तो फिर वो पुराना सिस्टम लाएंगे। ये फिर वो भेदभाव वाला निजाम लाएंगे, जिसका सबसे बड़ा शिकार हमारा जम्मू रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP ने जम्मू के साथ हमेशा अन्याय किया है। ये तुष्टिकरण के लिए कुछ भी कर सकते हैं। आप इनके भाषण सुनिए कि कैसे डोगरा विरासत पर ये हमला करते हैं, महाराज हरी सिंह को बदनाम करने के लिए ये कैसे-कैसे लांछन लगाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों पर ध्यान देने की जरूरत, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का बयान

सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से भी ज्यादा हैं। उन्हें शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और गलत धारणाओं से भी जूझना होता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि पुलिस थानों से लेकर अदालतों तक पूरी न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझने और उसके समाधान पर ध्यान देना चाहिए। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से भी ज्यादा हैं। उन्हें शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और गलत धारणाओं से भी जूझना होता है।मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुलिस थानों से लेकर न्यायालयों तक न्याय प्रणाली इन बच्चों की परेशानियों को समझें और उनका समाधान करें। किशोर न्याय अधिनियम दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामुदायिक सेवा जैसे विभिन्न पुनर्वास और पुन: एकीकरण उपायों की रूपरेखा तैयार करता है। दिव्यांग बच्चों के लिए, इन उपायों को अनुकूलित किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें वह विशेष सहायता मिले जिसकी उन्हें सफल होने के लिए जरूरत है।न्याय समिति के तत्वावधान में किया गया था।

## स्पा सेंटर में मसाज के दौरान युवक कर बैठा ये गलती, फिर लड़की ने जो किया

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्पा सेंटर की लड़की ने अपने ही ग्राहक को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बताया गया है कि मसाज के दौरान युवक की कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद लड़की को गुस्सा आ गया। उसने युवक को स्पा सेंटर से बाहर ही नहीं निकाला, बल्कि उसके पीछे पड़ गई। मामला थाना ताजगंज क्षेत्र के सिग्नेचर



बॉडी स्पा सेंटर का है। बताया गया है कि यहां एक युवक मसाज कराने के लिए आया था। मसाज करने के दौरान उसका युवती से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि नौबत हाथापाई तक आ गई। युवती ने युवक को स्पा सेंटर से बाहर निकाल दिया। सेंटर के अंदर की ये लड़ाई सड़क पर आई, तो लोग तमाशा देखने लगे। युवती ने युवक को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ कर पीटा।

## मेरठ के परतापुर थाने पर घंटो से डटे किसान, भाजपा पर लगाए आरोप, दिल्ली रोड किया जाम



गुरुवार को हुए गन्ना समिति के डेलिगेट पद के नामांकन के बाद 102 प्रत्याशियों के निरस्त किए गए पर्चों में गड़बड़ी को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और किसानों ने जमकर हंगामा किया। एसएसपी, एसपी सिटी, एसडीएम, एडीएम प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी कार्यकर्ता परतापुर थाने में धरने पर बैठे हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक नामांकन में हुई गड़बड़ी को सही नहीं किया जाता, तब तक धरना खत्म नहीं किया जाएगा। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत भी धरने में शामिल होने पहुंचे हैं।भारतीय किसान यूनियन का धरना शुक्रवार रात 8 बजे शुरू हुआ था। गन्ना समिति के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सैकड़ों की संख्या में किसान मेरठ पहुंच गए। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और किसान एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली और गाड़ियां लेकर परतापुर थाना परिसर में पहुंचे और जमकर हंगामा किया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता और किसान थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गए।तीन घंटे चली अधिकारियों की वार्ता, नहीं निकला समाधान- थाने में धरने की सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की तीन घंटे से अधिक किसानों के साथ चली वार्ता के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल सका। निरस्त किए गए 102 नामांकन को बहाल करने की मांग को लेकर किसान धरने पर ही डटे रहे। रात भर थाने में ही जमे किसानों ने थाना परिसर में ही कढ़ाई चढ़ाकर खाना बनाया और वहीं पर गद्दे डालकर सो गए। आज सुबह फिर से धरना प्रदर्शन शुरू किया।यूनियन के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने अधिकारियों के साथ ही वार्ता में कहा कि चुनाव को निष्पक्ष होना चाहिए। सत्ता पक्ष के मंत्रियों के द्वारा चुनाव अधिकारियों से मिली भगत कर गड़बड़ी की गई है। चुनाव गन्ना समिति का है किसानों से जुड़ा है, इसमें सत्ता पक्ष के द्वारा अपनी मनमर्जी करना लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है।थाना परिसर में आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता- वहीं थाना परिसर में आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता विजयपाल घोपला ने कहा कि छोटे-छोटे चुनावों में भी सरकार तानाशाही दिख रही है।

उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।शनिवार दोपहर को भाकीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के थाने पहुंचने से पहले भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और किसानों ने दिल्ली से मेरठ आने वाली सड़क पर जाम लगा दिया। जाम के कारण दूसरी सड़क पर लोड बढ़ने से दिल्ली रोड पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। दोपहर तीन बजे राकेश टिकैत भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

## कोर्ट ने सीतारमण पर चुनावी बॉन्ड से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, CM ने कसा तंज

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह अध्यक्ष आदेश अय्यर ने सीतारमण और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई।बंगलूरू की एक अदालत ने चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वहीं, इस मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब भाजपा नेता कब इस्तीफा मांगेंगे।किसने दी शिकायत?- जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह अध्यक्ष आदेश अय्यर ने सीतारमण और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। इस मामले में बंगलूरू की पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस



ने वित्त मंत्री और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। क्या है चुनावी बॉन्ड?- बता दें कि केंद्र सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत सरकार राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में नकद दान को खत्म करना था, ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बनी रहे। इसके बाद एसबीआई के चुनावी बॉन्ड के जरिए लोग राजनीतिक दलों को चंदा दे सकते थे। इसका खुलासा नहीं किया जाता था। पिछले साल विपक्षी दलों के आरोपों और इसके खिलाफ तमाम याचिकाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा था कि यह नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। इन लोगों के खिलाफ शिकायत- अब आदर्श अय्यर ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉन्ड के जरिए धमकी देकर जबरन वसूली की गई। जन अधिकार संघर्ष परिषद ने पिछले साल अप्रैल में अदालत में याचिका दायर कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेताओं, भाजपा के तत्कालीन कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। अदालत ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए बंगलूरू के तिलक नगर पुलिस थाने को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। कर्नाटक के सीएम ने मांगा इस्तीफा- मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग की और कहा कि इस मामले में तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, निर्मला सीतारमण के खिलाफ जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। वह कौन हैं? वह एक केंद्रीय मंत्री हैं, और उनके खिलाफ एफआईआर भी है। जबरन वसूली में शामिल थीं और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।न्होंने आगे कहा, एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। क्या वे (भाजपा) उनसे इस्तीफा देने के लिए कहेंगे? उनके इस्तीफे के लिए भाजपा के नेता कब विरोध प्रदर्शन और मार्च करेंगे? अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच होती है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस्तीफा देना पड़ेगा। अब धारा 17ए (भ्रष्टाचार निरोधक कानून) के तहत जांच पूरी होनी चाहिए और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपी जानी चाहिए।

संपादकीय Editorial

# Development disputes

Himachal, which is looking for land for tourism, is also buying 'development disputes'. The forest department is already in possession of the land, while now the eyes are on the public land which was identified for a special purpose even before the implementation of the Forest Conservation and Environmental Protection Act. In this situation, new institutions have come up at the cost of the purpose of some departments. The land of the Animal Husbandry Department is buried under the foundation of AIIMS Bilaspur. Similarly, many exhibition fields of the Agriculture Department are now being converted into a batch of new buildings. The needs of the land changed and the spectacle of development changed.

This is also because when colleges came up on the roofs of schools or new offices were built with political dominance, the original purpose was sold for a pittance in the cost of the land. When the land of the Agricultural University in Palampur appeared useless, research was considered irrelevant, then like a plot of land, it started getting divided into pieces, but the court intervention did not allow the convoy of development to settle in the 'tourism village'. The honourable High Court did not consider the attempt to use 112 hectares of land of the Agricultural University for tourism as appropriate or right.

Obviously, this decision has many dimensions and if the conditions of land allotment are rewritten in the light of this, then the land of many departments already allotted will be saved for the original purpose. The real issue is the availability of public land and the Forest Department is standing firm on this issue. If Himachal has to fulfil its economic and self-reliance goals, then the availability of land will have to be increased. If 112 hectares of land is needed in one go for a tourist village in Palampur itself, then the trees of the forest will have to be shaken to acquire it. There are many such flat mounds and natural scenery between Malan and Baijnath, where the incarnation of a tourist village can take birth, but the Forest Department is eyeing it everywhere. For our resolve and development needs, either a continuous process of creating a land bank and suitable no objections for the use of forest land should be obtained or the governments should make efforts to the best of their ability. Additional land should be created by pooling private lands, acquiring barren tea gardens, curbing wasteful expenditure on public land, acquiring encroached land and channelizing drains. The state will have to reduce the residential pressure in Himachal by establishing a large satellite city in a district like Una. By making 70% of the land under forest in the name of protecting the hill states from landslides, floods and heavy rains or ringing the environmental bells, the possibility of economic development is diminishing. If Punjab-Haryana are using 95% of the land by growing less than five percent forest, then Himachal should be allotted up to fifty percent of non-forest land instead of the current thirty percent. The additional twenty percent land thus obtained will not only provide tourist villages but also new cities, industrial settlements, transport towns, investment centers and solutions for future employment, otherwise neither concrete solutions to development needs will be found nor coordinated-balanced development will be possible.

# The changing face of rural India, agriculture, government is late in promoting entrepreneurship for development

The government is also finalizing the new National Cooperative Policy. For this, a 48-member committee was formed under the chairmanship of former Union Minister Suresh Prabhu. The government's goal is to form three lakh PACS in the next five years, which are currently 65000. The Uttar Pradesh government has taken a unique initiative in this direction. Ramesh Kumar Dubey. Those who doubted the stability of the Modi government in its third term have been disappointed. In the first hundred days itself, the government approved schemes worth more than Rs 15 lakh crore. The government's entire focus is on major reforms in the way government works and taking good governance to the grassroots level. For this, it is focusing on digitization of government work from land records, so that the benefits of the schemes reach the common man. That is why new standards have been set for setting the outline of government schemes, digitization of the process of implementation of schemes as well as its monitoring and fixing the accountability of bureaucracy. The preparations for the achievements of the government's third term that are visible today were started even before the Lok Sabha elections were announced. In February this year, Prime Minister Modi had asked the ministers to prepare a roadmap for the next five years and an action plan for 100 days. Ten committees of secretaries were formed to implement the action plan. Reports were sought from all ministries. State governments were also consulted. Suggestions were also sought from businessmen, civil society and youth. More than two thousand meetings were held for this. The roadmap for the action plan was prepared from the conclusions of all these. The government is promoting entrepreneurship in the agricultural sector so that agriculture-based industries can develop in rural areas. Keeping this in view, the Agriculture Infrastructure Fund has been expanded. Recently, Rs 14,200 crore was released for seven schemes under this. The main ones are Rs 2,817 crore for Digital Agriculture Mission, Rs 3,979 crore on crop science, Rs 2,291 crore for improving agricultural education and management and Rs 1,702 crore for animal health. The government is also engaged in the exercise of making the agriculture sector digital. For this, registration of farmers will start across the country in the first week of October. Farmers will be given a special identity card like Aadhar card, with the help of which they will have access to programs and schemes ranging from minimum support price to Kisan Credit Card. Having the card will also help the government in making schemes, their implementation and expansion. The government has set a target of registering five crore farmers by March next year. The 17th installment of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi was released in the first hundred days. Under this, 9.3 crore farmers were paid Rs 20,000 crore directly into their bank accounts. An increase of Rs 100 to Rs 550 was made on all crops with minimum support price. The government removed the minimum export price on onion and basmati rice, while increasing the import duty on refined oils so that domestic oilseeds can get a good price. Since coming to power in 2014, the Modi government has substantially increased the support price of pulses, oilseeds and coarse grains. Despite this, the expected improvement in government procurement of pulses, oilseeds and coarse grains has not come. The reason for this is that the structure of government procurement, storage and marketing in the country is limited to selected crops and areas like wheat and paddy. Now the government is creating a nationwide network of government procurement, storage and marketing of pulses, oilseeds and coarse grains at support price. This will not only ensure food security, but will also reduce the expenditure on centralized storage of grains. For this, the world's largest storage scheme has been started in the cooperative sector, under which warehouses are being constructed at the level of Primary Agricultural Cooperative Societies (PACS). Local produce will be stored in these warehouses and distributed under the public distribution system. In this way, diversity will come from farming to the plate. The government is also finalizing the new National Cooperative Policy. For this, a 48-member committee was formed under the chairmanship of former Union Minister Suresh Prabhu. The government's target is to form three lakh PACS in the next five years, which are currently 65,000. The Uttar Pradesh government has taken a unique initiative in this direction. The state government will purchase maize, sorghum and millet from October 1 to December 31. Registration of farmers has started for this. The payment for the sale of the produce will be made directly into the bank accounts of the farmers. This initiative of the Uttar Pradesh government will become an example for the whole country. With this, the success of wheat-paddy will be repeated in coarse grains and pulses-oilseeds crops. Moving ahead from the cultivation of selected crops like wheat-paddy, the government is focusing on the cultivation of diverse crops and the development of industries based on them. In view of this, a plan of Rs 860 crore has been approved for the development of the horticulture sector. Cooperative institutions are also being strengthened for the welfare of fishermen. Today India has become the second largest fish producer in the world. In 2014, the country produced 80 lakh tons of fish every year, whereas today India is producing 170 lakh tons of fish every year. Similarly, the government is running the National Dairy Development Program for animal husbandry and milk production. In this way, small farms which are continuously becoming a loss-making deal can be made profitable by diversification of the rural economyCan be done.

## Sri Lanka should not become a problem, old thinking will not work in the global structure

Sri Lanka News JVP came into existence in the seventh decade of the last century. Due to its Marxist thinking and Sinhalese nationalist ideology, its attitude was anti-India from the very beginning. Dealing with Indian 'expansionism' in South Asia was one of its ideological goals. It revolted against the Sri Lankan state for the first time in 1971, which was immediately suppressed. In the recent elections of Sri Lanka, Janatha Vimukthi Peramuna i.e. JVP won and its leader Anura Kumara Disanayake was elected the new President. It seems that the public has given a mandate for structural changes and a corruption-free government. A lot of speculations are being made about the foreign policy of the new government. This is also natural, given Disanayake's past and ideological inclination. However, given the current economic and geopolitical scenario, it is more likely that Sri Lanka will move forward on the path in which it can balance with India and China. The expectations from the new government regarding good governance and reforms will also benefit India and its allies in the long run. The JVP came into existence in the 70s of the last century. Due to its Marxist thinking and Sinhalese nationalist ideology, its attitude was anti-India from the very beginning. One of its ideological goals was to deal with Indian 'expansionism' in South Asia. It revolted against the Sri Lankan state for the first time in 1971, which was suppressed immediately. At that time, apart from protecting the Colombo airport, India also did the work of maritime surveillance on the request of the government. However, in its second round of revolt between 1987 and 1990, the anti-India attitude was much sharper. The JVP also opposed the Sri Lanka-India agreement under which the Indian Peace Keeping Force was allowed in Sri Lanka. This organization also gave new tone to its anti-India attitude to increase its acceptability and remove the corrupt and inefficient elite class. In the year 1994, the JVP left the path of armed struggle and joined mainstream politics, but could not become the traditional choice of the voters. When people got fed up with the established system and leaders in the economic crisis of 2022, Dissanayake's popularity started increasing. The rising graph of JVP also oriented India towards increasing its activism with this party. Since there was a lot of uncertainty about the election results, it was necessary for India to maintain contact with the main contenders for power. In this connection, India invited leaders of various parties of Sri Lanka before the elections. External Affairs Minister S. Jaishankar and National Security Advisor Ajit Doval also talked to many leaders. Dissanayake was also among these leaders. India's practical activism is in line with its Neighbourhood-First policy and SAGAR approach. As Sri Lanka's geopolitical importance has increased over time, India is also trying to benefit by increasing its presence there. At a time when Sri Lanka was struggling with economic difficulties and existential crisis, India helped it with several measures like a loan of four billion dollars as well as currency swap, grants and credit line. Apart from this, many essential commodities and medicines were supplied. In view of China's growing hold on this neighbouring country, India has increased the pace of its efforts. As a result, India is investing in the development of Trincomalee region and projects related to renewable energy, refinery, energy grid and petroleum pipeline along with upgrading airports and ports in Sri Lanka. Many Indian companies are showing interest in investing in Sri Lankan government undertakings. Both the countries are also discussing building a land bridge. Talks are also going on about Economic and Technical Cooperation Agreement (ETCA). There is a sign of change at the level of JVP as well. It is realizing that the Cold War mentality cannot work in the contemporary world. This attitude was also seen during the elections. It feels that India's geopolitical stature and its economy can be very helpful in bringing its economy back on track. The election promises made by Dissanayake to develop Sri Lanka and upgrade its infrastructure can be fulfilled only by collaborating with India. The government also wants to increase revenue through tourism and information technology. India will also play an important role in that. Therefore, it will be important for the JVP to pay attention to India's concerns. It was also mentioned in its manifesto that any kind of activity that endangers the national security of any country, especially India, will not be allowed through its land, water and air borders. Even after this, India will have to see that Sri Lanka does not become a problem for its interests. It is certain that the new government will move towards balancing with China as well. Beijing will also increase its activity with the new government, given its communist ideology. Dissanayake has also visited China before India before the elections. With about seven billion dollars, Beijing remains one of the biggest lenders to Sri Lanka. Such efforts of China will continue to strengthen its position in the Indian Ocean region. For example, the offer of an investment of 4.5 billion dollars for the refinery in Hambantota will definitely be tempting for Sri Lanka, which will help it to bring its economy back on track. However, after winning the elections, a new challenge of fulfilling the promises arises. It remains to be seen how Dissanayake faces this challenge. Dissanayake has also started taking some steps, which may have some impact on potential investments. Like giving red flags to Adani Energy's project. It is possible that he may take some decisions which may not be acceptable to China, which works on the plan of exploiting countries with the help of various tricks. However, if Disanayake moves forward in this direction with a clear analysis, then it will be beneficial for India and its like-minded partners, because then the scope of unfair advantage for China will end. Along with this, transparency and accountability will also increase in the system of Sri Lanka.

# ठाकुरद्वारा में अवैध खनन को लेकर दो साल पहले भी हुआ था बवाल, 19 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में हुई थी कार्रवाई

**एसडीएम और खनन अधिकारी पर हमला करके चार डंपर छुड़ा ले गए थे खनन माफिया, इसी मामले में आरोपियों की तलाश में जसपुर पहुंची पुलिस टीम पर भी हो गया था हमला**

मुरादाबाद। जिले का मुरादाबाद क्षेत्र अवैध खनन और इससे होने वाली अवैध कमाई के लिए कई सालों से बदनाम रहा है। दो साल पहले भी ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर बड़ा बवाल हो गया। खनन माफिया ने अवैध खनिज ला रहे वाहनों की चेकिंग कर रही राजस्व टीम पर हमला कर दिया था। खनन माफिया एसडीएम और खनन अधिकारी के सामने ही हमला कर 4 डंपर छुड़ा ले गए थे। इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान भी काशीपुर में ठाकुरद्वारा पुलिस की फायरिंग में गोली लगने से एक महिला की भी मौत हो गई थी। महिला की हत्या के आरोप में मुरादाबाद जनपद के 12 पुलिसकर्मी फंसे थे। हालांकि बाद में पुलिस ने खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए 19 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।ठाकुरद्वारा के तत्कालीन एसडीएम परमानंद सिंह और खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने 13 सितंबर 2022 को ठाकुरद्वारा के तिकोनिया के पास चेकिंग के दौरान अवैध खनन में लगे कई डंपर पकड़े थे। एसडीएम की कार्रवाई की सूचना मिलते ही खनन माफिया और उनके गुर्गों ने राजस्व विभाग की टीम पर हमला कर दिया और चार डंपर छुड़ाकर ले गए थे। भीड़ के हमले से एसडीएम समेत राजस्व टीम ने किसी तरह से अपनी जान बचाई थी। इस मामले में खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की तहरीर पर ठाकुरद्वारा पुलिस ने पांच नामजद और 150 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर मुरादाबाद पुलिस की किरकिरी शासन स्तर तक हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले का संज्ञान लेकर पुलिस के आला अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई थी। खिसियाई पुलिस ने खनन माफिया के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने राजस्व टीम पर हमला करने के आरोप में अवैध खनन में लगे 19 आरोपियों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अलग से केस दर्ज किया था। साथ ही नौ आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि डिलारी थाने के गांव काकरखेड़ा निवासी जफर और ठाकुरद्वारा के गांव रतूपुरा निवासी आरोपी दिलशाद फरार चल रहे थे। ठाकुरद्वारा पुलिस और एसओजी की टीम ने 12 अक्टूबर 2022 को आरोपी जफर को कमालपुरी चौराहे के पास घेरा था। बाद में वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर गया था। पुलिस टीम उसका पीछा करते हुए काशीपुर पहुंच गई थी। सर्विलांस के जरिये पीछा कर एसओजी टीम को जानकारी मिली कि जफर कुंडा थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर स्थित जसपुर के ज्येष्ठ उप प्रमुख गुरतेज सिंह भुल्लर के मकान में मौजूद है। इस पर पुलिस टीम ने बिना काशीपुर पुलिस को विश्वास में लिए ही ज्येष्ठ उप प्रमुख के घर पर छापा मार दिया। सादे कपड़ों में अचानक पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने घेर लिया। जफर और ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बुरी तरह फंसी मुरादाबाद पुलिस को अपने बचाव में फायरिंग करनी पड़ी। फायरिंग में गोली लगने से ज्येष्ठ उप प्रमुख की पत्नी की मौत हो गई थी, जबकि ठाकुरद्वारा के तत्कालीन एसएचओ योगेंद्र सिंह समेत छह पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में काशीपुर पुलिस ने ठाकुरद्वारा पुलिस और एसओजी के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तत्कालीन एडीजी जोन बरेली राज कुमार ने आरोपी जफर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। बाद में पाकबड़ा थाना पुलिस ने जफर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। शासन तक मुरादाबाद पुलिस की किरकिरी होने के बावजूद ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगती नहीं नजर आ रही है। ठाकुरद्वारा में दो साल पहले अवैध खनन मामले में इन पर हुई थी गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई- तैय्यब निवासी हापुड़ शेड जवाहरगंज मंडी थाना गढ़ मुक्तेश्वर हापुड़,वसीम निवासी रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा, मौहम्मद इरफान निवासी फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा, सहाबुददीन निवासी रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा, मौहम्मद इमरान निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, मौहम्मद सलमान निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, आरिफ निवासी गणेशपुर देवी थाना भोजपुर, मुख्तयार निवासी गणेशपुर देवी थाना भोजपुर, सरताज अहमद निवासी उमरी कला थाना कांठ,फुरकान निवासी हरि नूरपुर थाना कांठ, रईस प्रधान पुत्र सददीक निवासी फौलादपुर थाना ठाकुरद्वारा, इरफान निवासी शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा, नवी मौहम्मद निवासी काकरखेडा थाना डिलारी, रिजवान निवासी शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा, इरशाद निवासी शरबतनगर थाना ठाकुरद्वारा, लड्डुन निवासी शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा, आबिद निवासी गोपीवाला थाना ठाकुरद्वारा( एसटीएफ ने पकड़ा ),जफर निवासी काकरखेडा थाना डिलारी, दिलशाद निवासी रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा,इन अरोपियों पर घोषित किया गया था 50-50 हजार का इनाम- आबिद पुत्र सद्दीन निवासी गोपीवाला थाना ठाकुरद्वारा, नवी मोहम्मद पुत्र अख्तर निवासी काकरखेड़ा थाना डिलारी,इरफान पुत्र शौकत निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, लड्डुन पुत्र मुख्तयार निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, इरशाद पुत्र मोहम्मद अली निवासी शरबत नगर थाना ठाकुरद्वारा, रिजवान पुत्र शौकत अली निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा, रईस प्रधान पुत्र सद्दीन निवासी फौलादपुर थाना ठाकुरद्वारा, दिलशाद पुत्र जहीर आलम निवासी रतुपुरा ठाकुरद्वारा , जफर पुत्र अख्तर निवासी काकरखेड़ा थाना डिलारी ( काशीपुर मुठभेड़ के बाद एडीजी ने इनाम की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी थी )



# उत्तराखंड से जुड़े हैं खनन माफिया के तार, सिंडीकेट तोड़ना प्रशासन के लिए चुनौती

मुरादाबाद। जिले में खनन माफिया के तार उत्तराखंड से भी जुड़े हैं। खनन के सिंडीकेट को तोड़ना प्रशासन के लिए चुनौती बन रहा है। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी कुचलने पर आमादा हैं। पिछले दिनों सदर तहसील के उप जिलाधिकारी राम मोहन मीणा व तहसीलदार पर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंचने पर उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास हुआ था। हालांकि मामले में यह सभी बच गए थे। इसमें रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिले में अवैध खनन का दंश प्रशासनिक अधिकारियों पर भी भारी पड़ता है। कभी ठाकुरद्वारा तो कभी सदर तहसील के प्रशासनिक अधिकारी माफिया के निशाने पर रहते हैं। पिछले दिनों सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में रविवार की रात अवैध खनन में लगे माफिया को रोकने के लिए पहुंचे एसडीएम सदर व तहसीलदार व टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने की असफल कोशिश की गई। ईंख के खेत में ट्रैक्टर फंसने के बाद उसे छोड़कर अवैध खनन करने वाले फरार हो गए थे। जिसमें लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वहीं इसके पहले ठाकुरद्वारा तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों पर भी खनन माफिया के लोगों ने दबाव बनाने और डराने के लिए प्रयास किया। इन प्रकरणों में सख्ती न होने से खनन माफिया के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। खनन का सिंडीकेट तोड़ना प्रशासनिक अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बनी है। जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि हर हाल में अवैध खनन करने वालों पर सख्ती करेंगे। खनन माफिया का नेटवर्क चाहे जहां तक जुड़ा हो उसे तोड़कर उन पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के बार्डर के सीमावर्ती चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी इसकी नियमित मानीटरिंग करेंगे।



# प्रसाद में मिलावट को लेकर सड़कों पर उतरे हिंदू संगठन, हनुमान चालीसा और राम नाम का किया पाठ

मुरादाबाद- तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। हनुमान चालीसा और राम नाम का पाठ किया। साथ ही जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद यूपी के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।शनिवार को सैकड़ों विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सिविल लाइन स्थित आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए। इसके बाद हजारों की संख्या में विश्व हिंदू परिषद/ बजरंग दल के लोग कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने बैठ कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने कहा कि महाप्रसाद बनाने के मामले में हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। सड़कों पर उतर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों के हूजूम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए गए। पीएसी फोर्स से लेकर स्थानीय पुलिस को भी तैनात किया गया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा कहा गया कि सभी हिंदू मंदिरों के लिए नए कानून की व्यवस्था की जाए। सरकार हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें। मांगे पूरी नहीं होती है तो विश्व हिंदू परिषद /बजरंग दल बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा।विश्व हिंदू परिषद /बजरंग दल ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर में वितरित होने वाले महाप्रसाद की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की बहुत श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस महाप्रसाद को बनाने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विदारक समाचार आ रहे हैं। जिससे पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। इस पवित्र तीर्थ का संचालन आंध प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड के द्वारा होता है। यहां केवल महाप्रसाद बनाने के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा आय से अर्पित की गई। देय राशि ( चढ़ावा ) के सरकारी अधिकारियों राजनेताओं द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं। कई बार तो हिंदुओं के धर्म पर आघात कर हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को इस पवित्र राशि से अनुदान देने के समाचार भी मिल रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राजकुमार ने बताया कि हमारे देश में संविधान के सर्वोपरि होने की दुहाई बार-बार दी जाती है, परंतु दुर्भाग्य से हिंदुओं की आस्थाओं के केंद्र मंदिरों पर विभिन्न सरकारें अपना नियंत्रण स्थापित कर हिंदुओं की भावनाओं के साथ सबसे घृणित धोखाधड़ी संविधान की आड़ में ही कर रही हैं। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा मांग की गई कि अपनी राज्य सरकार हमारी मांग को जल्द ही कानून के द्वारा सभी हिंदू मंदिरों के लिए नए कानून की व्यवस्था की जाए और यदि ऐसा नहीं होता है तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर राजकमल गुप्ता, विभाग संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# आने बाला समय अम्बेडकर वादियों और समाजवादियों का होगा.... मिठाई लाल भारती

क्यूँ न लिखूँ सच-यूसुफ

मुरादाबाद, समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती लखनऊ से देहरादून जाते हुये मुरादाबाद पहुँचे और सर्किट हॉउस में अम्बेडकर वाहिनी के प्रमुख पदाधिकारियों की मंडल समीक्षा बैठक की गई । जिसमें आगामी विधानसभा के उप चुनाव को लेकर निर्णय लिया गया कि उप चुनावो में सपा उम्मीदवार को बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता मिलकर तन-मन-धन से विजयी बनाने का काम करेंगे। श्री भारती ने कहा कि लोकसभा चुनावो में जिस तरह से पूरे देश में पीडीए ( [illegible] ) के लोगों ने संविधान बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाया है। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के पदाधिकारी दी है। वाहिनी के कार्यकर्ता पीडीए महापंचायत के माध्यम से गांव-गांव समाजवादी विचारधारा के लोगों को एकजुट करेंगे। श्री भारती ने कहा कि जिसे लेकर दलित समाज बड़े उत्साहपूर्वक श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में को लेकर अखिलेश यादव जी के निर्देश पर सपा अम्बेडकर वाहिनी के शुरू कर दी है। श्री भारती ने कहा कि भाजपा और आरएसएस की जो कार्यकर्ता कभी पूरा नही होने देंगे। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी हृदय से आभार व्यक्त किया ! और कहा कि यह उत्साह 2027 विधानसभा उपचुनाव होना है ! सभी साथी पोलिंग बूथ स्तर पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम समाजवादी पार्टी-इंडिया गठबंधन का ज़बरदस्त साथ दिया ! इसके लिए



व कार्यकर्ता उपचुनाव को लेकर पोलिंग स्तर पर तैयारियां शुरू कर जाकर जनता को जागरूक करेंगे और अम्बेडकर विचारधारा व आने वाला समय अम्बेडकर वादियों और समाजवादियों का होगा। सपा से जुड़ रहा है। श्री भारती ने कहा कि 2027 विधानसभा चुनावों समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर संविधान बदलने की मंशा है उसे बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने सभी पदाधिकारियों का चुनाव तक बना रहे ! उन्होंने बताया कि कुछ दिनों में विधानसभा का करना शुरु कर दें ! दलित समाज ने संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी तथा अम्बेडकर वाहिनी हृदय से आभार व्यक्त करता है ! बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव नें की लाखन सिंह सैनी, नाग भारती धर्मेन्द्र यादव ,मनीष जाटव, वेद प्रकाश सैनी,सौरभ रत्नकर, महेंद्रपाल सिंह जाटव, दिव्यांशु जाटव, अमरजीत सिंह, नन्हे जाटव,हनी जाटव, सुनीता सिंह,नाग भारती, सुरेंद्र सिंह,राम सिंह, जुल्फिकार अली,आशाकर पाशा , अक्षय भाटनगर, विवेक चौहान, संजू गुप्ता,रारुल पाशा

## संक्षिप्त समाचार

# कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव : वोटर लिस्ट पर गरमाई राजनीति, भाजपा हुई हमलावर

**प्रदेश अध्यक्ष के सपा नेताओं पर बयान के बाद स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों के निशाने पर सपा**

मुरादाबाद- कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव की तारीखों की घोषणा भले ही नहीं हुई है। लेकिन, जिले में वोटर लिस्ट पर राजनीति गरम है। सपा के वोटरों के नाम काटे जाने के दावे को प्रशासन के द्वारा खारिज करने के बाद भाजपा हमलावर है। एक दिन पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रकरण में सपा नेताओं को निशाने पर रखते हुए कहा था कि सपा का संवैधानिक संस्थाओं पर कोई भरोसा नहीं है। इनका केवल निगेटिव एजेंडा है।




वहीं अब स्थानीय भाजपा नेता भी सपा पर मुखर होकर इस मुद्दे पर घेरने में लगे हैं। पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान द्वारा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ वोट कटने को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। जिसमें जिला प्रशासन ने जांच कर बुधवार को अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया था कि सपा के पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। इसके बाद से भाजपा सपा पर हमलावर है। कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव से पहले भाजपा सपा को इस मुद्दे पर घेरने में लगी है। शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि ने भी कहा कि भाजपा प्रदेश में होने वाले विधानसभा के उप चुनाव में सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल का कहना है कि सपा का काम केवल झूठा आरोप लगाना है। उनके दावे को खुद जिला प्रशासन ने नकार कर जांच में गलत साबित कर दिया है। इससे सपा के नेता बेनकाब हो गए हैं। भाजपा मुद्दों व जनहित, जन कल्याण की राजनीति करती है। इसलिए जनता उसका समर्थन कर चुनाव में जीत दिलाती है। कुंदरकी विधानसभा में भाजपा की जीत होगी। कुंदरकी उपचुनाव में जुटी कांग्रेस, 15 को होगा सम्मलेन- उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। जिसमें जनपद की कुंदरकी विधानसभा भी शामिल है। कुंदरकी विधान सभा पर उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस भी अपनी तैयारियों में लगी है। जिसके लिए कांग्रेस द्वारा कई नेताओं को जिम्मेदारी भी दी गई है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने उपचुनाव में चुनाव लड़ने के ईच्छुक नेताओं के बायोडाटा भी लिया है। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि कुंदरकी उपचुनाव में पार्टी हाईकमान के आदेश पर तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 अक्टूबर को कुंदरकी में कांग्रेस का एक बड़ा सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें सीतापुर के राकेश राठौर व अन्य बड़े नेता शामिल होंगे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# केसीएमटी में ब्रिगेडियर वर्मा ने अनुशासन का पाठ पढ़ाया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।खण्डेलवाल कालेज में सीनेट सदस्यों को अनुशासित रहने की शपथ दिलायी। मौका था संस्थान के सीनेट अधिष्ठान शपथ ग्रहण समारोह, जिसमें प्रत्येक संकाय के इंचार्ज एवं अनुशासन कमेटी के एक सौ पचास सदस्यों को समिति द्वारा नामित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संदीप वर्मा का स्वागत चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार एवं प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह द्वारा किया गया। सभी सदस्यों को महाविद्यालय के नियम, कानून व शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। कालेज के एनसीसी आठ यूपी बटालियन द्वारा भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन का होना अति आवश्यक है। अनुशासित रहकर सफलता शीघ्र पायी जा सकती है और असफलताओं से निराश न हो, बल्कि सीख लें तथा अपने आप को मल्टीटास्किंग एवं व्यवहारकुशल बनाना होगा। समारोह का संचालन प्रवक्ता सोनाली ने किया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आर.के. सिंह ने किया।




# नगर पालिका सभासदों की बैठक में जीआईएस सर्वे का विरोध किया, अगली तारीख तक स्थगित किया गया मामला

क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद/कायमगंज। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ शरद गंगवार ने बोर्ड की बैठक बुलाई। बैठक में सभासदों ने नगर पालिका में हुए जून, जुलाई व अगस्त के महीने में हुए आय व्यय के ब्यौरो की प्रतिलिपी मांगी। इस दौरान सभासदों ने समस्त वार्डों में स्थित संपत्तियों के होने वाले जीआईएस सर्वे का विरोध किया। उनका कहना है कि होने वाले सर्वे की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। इससे उन्हें जानकारी प्राप्त हो सके। नपा के बड़े बाबू राम भुवन ने बताया कि तीन माह के आय व्यय पर सहमती हो गई है। जबकि सर्वे के मुद्दे पर सहमति न होने पर उसे अगली तारीख तक स्थगित किया गया। बैठक में पूजा शुक्ला, सौम्या गुप्ता, गीता देवी, पूनम , किरन शाक्य, शाहिद, रविंद्र कुमार, प्रमोद शर्मा आफताब शकील, अवनीश, गौरव व उत्तम समेत तेरह सभासदों ने विरोध किया।

# पुलिस द्वारा चोरी मे शामिल 02 अभियुक्तगण को चोरी किये गये माल सहित किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद /नवाबगंज। राजीव कुमार पुत्र दाताराम निवासी कस्वा व थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा स्वयं की मोटर साइकिल में टंगे थैले में रखे 175000/- रुपये व अन्य कागजात चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मुकदमा भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था।दिनांक 07.08.2024 को आवेदक सुदेश कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी सलेमपुर त्यौरी थाना नवाबगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि में वादी के घर से एक अगूंठी सोने की, 01 कमर बन्द चांदी, पायल चांदी 02 जोडी, 03 जोडी बच्चों की पायल चांदी की, नगद करीब 20 हजार रुपये चोरी कर लेने के सम्वन्ध में पंजीकृत कराया था।जिसके क्रम में दिनांक -27.09.2024 को उपरोक्त दोनो अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को चोरी गये माल सहित गिरफ्तार किया गया। दौराने पूछताछ अभियुक्तगण ने एक स्वर में बताया कि साहब कुछ दिन पहले हम दोनों ने नेहरु कालेज के पास खड़ी मोटर साइकिल पर एक बैग टंगा हुआ था जिसमे 1,75,000/- रुपये व बैंक के कागजात एवं अन्य कागजात व दुकान की चाभी थी वह बैग हम दोनो ने मोटर साइकिल से चोरी कर लिया था। बैग व अन्य सामान हम दोनो ने थोडा आगे खडहरनुमा दुकानो में छिपा दिया था और चोरी किये 1,75,000/- रु आधे-आधे आपस मे बाट लिये थे। पकडे गये व्यक्ति सुधाकर ने बताया कि उन्ही पैसो मे से 14,000/- रुपये मेरे पास थे जो तलाश में आपने ले लिये है शेष पैसे मैने खर्च कर लिये है तथा पकडे गये दूसरे व्यक्ति कृष्ण कुमार उर्फ मटरू ने बताया कि मोटर साइकिल के बैग से चोरी किये पैसों में से 17,000/- रु मेरे पास थे जो आपने तलाशी में ले लिये है। दोनो अभियुक्तगण से शेष बरामद रुपये एव बरामद सफेद धातु के पायलो के बारे में पुछने पर बताया कि साहब कुछ दिन पहले रात में यही पीछे सडक किनारे बसे गांव में हम दोनों ने एक घर में चोरी की थी जिसमें 20,000/- रुपये एव 01 सोने की अंगूठी, 01 कमरबंद, पायल चांदी की 02 जोडी व बच्चो की पायल 13 जोडी चुराए थे। सोने की अंगूठी, कमरबांध व एक जोडी बच्चो की पायल हम लोगो ने राह चलते लोगो को बेच दी थी और उससे जो पैसा मिला था वह हमने अपने शौक में अपने ऊपर खर्च कर दिया और बाकी पैसे व जेवरात हम दोनो ने आधे-आधे बाट लिये थे।साहब गलती हो गयी है माफ कर दो।

# एसडीएम साहिबा मुझे आवास दिलादे मे बहुत गरीब हूँ

क्यूँ न लिखूँ सच

कोंच( जालौन ) एसडीएम ज्योति सिंह को एक पत्र देकर मनीष पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम गेंदोली परगना कोंच ने अपना दुखड़ा सुनाते हैं अवगत कराया है की वह बहुत ही गरीब है और उसके पास गरीबी रेखा से नीचे जान यापन करने वाला राशन कार्ड है और उसके पास एक छोटा सा कच्चा मकान है वह भी जीर्ण शीर्ण हालत मे है और रहने के लिये इसके अलावा कोई आवास नही है और वह भूमिहीन है और मजदूरी करके जीवन जी रहा है उसने एसडीएम ज्योति सिंह से जाँच करवा कर आवास दिलवाने की गुहार लगाई है



# जनपद न्यायाधीश विनय कुमार जी द्वारा न्यायालय परिसर का किया गया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद।जनपद न्यायाधीश श्री विनय कुमार जी द्वारा न्यायालय परिसर का किया गया निरीक्षण के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार एवम वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा द्वारा बार में चल रहे एसोसिएशन सुंदरीकरण की प्रगति का जनपद न्यायाधीश द्वारा किया अवलोकन गया बार एसोसिएशन के सुंदरीकरण का कार्य देखकर गदगद हो गए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार द्वारा जनपद न्यायाधीश एवं उपस्थित अन्य न्यायाधीश गण को बताया गया कि बर एसोसिएशन फतेहगढ़ की सुंदरीकरण का कार्य राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल जी के सौजन्य से कराया जा रहा है वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा द्वारा श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल की भूरि भूरि प्रशंसा की गई, प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री शेखर कुमार यादव जी न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद जी का संभावित दौरा हो सकता है निरीक्षण के दौरान अन्य न्यायाधीश सचान साहब ,सीजीएम साहब, सचिव नरेश सिंह यादव व कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपस्थित रहे



# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

क्यूँ न लिखूँ सच

